हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री












B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
- कोपा - इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


# भारी बारिश से ट्रेनों का संचालन बाधित, कई होंगी रद्द और डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में भारी बारिश और मौसम विभाग द्वारा ओडिशा-आंध्रप्रदेश में जारी किए गए रेड अलर्ट चेतावनी के कारण किरन्दुल-कोत्तवालसा केके रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन बाधित हो गया है। विशाखापटनम रेल मंडल ने कुछ ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया है। साथ यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा करने के पहले गंतव्य दिशा की स्थिति का आंकलन अवश्य करें, ततपश्चात यात्रा का निर्णय ले। बस्तर संभाग मुख्यालय में ही रही मूसलाधार बारिश और मौसम विभाग द्वारा जारी रेड अलर्ट ने रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। केके रेल लाइन पर सुरक्षा कारणों से दो ट्रेनों में किरन्दुल-विशाखापटनम को कोरापुट तक और विशाखापटनम-किरन्दुल पैसेंजर ट्रेन का परिचालन 18-19 अगस्त तक अरकू तक परिचालन करने का निर्णय लिया है। विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधन के संदीप के अनुसार विशाखापटनम- किरंदुल नाइट एक्सप्रेस और किरंदुल-विशाखापटनम नाइट एक्सप्रेस 18 और 19 अगस्त को बदले हुए रूट से चलेंगी।

## विशाखापटनम-किरन्दुल परिवर्तित कोरापुट-रायगड़ा-विजयनगर रेल मार्ग से संचालित होगी

### किरन्दुल पैसेंजर की गई रद्द

मसलन नाईट एक्सप्रेस किरन्दुल-जगदलपुर-कोरापुट से रायगड़ा-विजयनगरम से विशाखापटनम जाएगी। इसी रुट से विशाखापटनम-किरन्दुल चलेगी। वहीं विशाखापटनम-किरंदुल पैसेंजर और किरंदुल-विशाखापटनम पैसेंजर 18 अगस्त को बीच रास्ते से शॉर्ट-टर्मिनेट होकर कोरापुट से वापस किरन्दुल लौटेंगी। 19 अगस्त को किरन्दुल-विशाखपट्नम और विशाखापटनम-किरन्दुल पैसेंजर ट्रेनों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है।




### यात्रा से पहले अपने ट्रेन की स्थिति की जांच करें

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने कहा है कि यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है। यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जांच करे ताकि यात्रियों को होने वाली परेशानी से जूझना न पड़े। उन्होंने यात्रियों से कहा है कि वे यात्रा करने से पहले रेलवे हेल्पलाइन या ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट देखें और उसके बाद ही सफर शुरू करें।

## शहर के शहीद पार्क तिराहा, धरमपुरा, महारानी अस्पताल, हनुमान मंदिर मार्ग तालाब में तब्दील

# शहर में हुई झमाझम बारिश से गायत्री नगर दलपत सागर, रमैया वार्ड के घरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून के असर से वायुमंडल में रोज सिस्टम बनने से बस्तर में बारिश का प्रभाव देखा जा रहा है। सोमवार को सुबह से शाम 4 बजे तक झमाझम बारिश हुई। पिछले दो दिनों से बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से बारिश का दौर जारी है। हालांकि रविवार के तुलना में आज सोमवार को घण्टों मूसलाधार बारिश होने से शहर के अनेक सड़कों में जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई।

- जल जमाव से निपटने वर्षों से निगम कारगर उपाय करने में असफल

अंचल में भारी वर्षा के चलते शहर की विभिन्न सड़कों में जलजमाव होने से आमजनों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। खासकर शहीद पार्क,महारानी अस्पताल, हनुमान मंदिर,नयापारा मार्ग,कोर्ट तिराहा,धरमपुरा,सन सीटी, गायत्री नगर,दलपत सागर,रमैया वार्ड के अनेक स्थानों पर भारी जलजमाव होने ⏭ शेष पेज 12 पर



### रविवार को छिंदगढ़ में सर्वाधिक 100 एमएम वर्षा

रविवार को वर्षा के जारी आंकड़ो के अनुसार दक्षिण बस्तर के सुकमा जिले के छिंदगढ़ में सर्वाधिक 10 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड किया गया है। जबकि जिला मुख्यालय सुकमा में 90 एमएम,बकावंड 80 बड़े बचेली 80, गादीरास 70,कटेकल्याण, दोरनापाल 70, बस्तर 60, गंगालूर 50, मर्दापाल 50, जगरगुंडा 50, भनपुरी 50, धनोरा 50, सरोना 50, लोहंडीगुड़ा 50, कुमरदा 40, नारायणपुर 49, बढ़ेराजपुर,कुआकोंडा 40, बीजापुर 40 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। जबकि कई स्थानों पर 4 सेमी से भी कम।

### दो दशक में सड़कों में जलजमाव से निपटने निगम नहीं बना पाया योजना

शहर के अनेक स्थानों की सड़कों में पिछले 2 दशक से बारिश के दौरान जलजमाव की स्थिति निर्मित होती है। जिसके उचित समाधान के लिए नगर निगम के पास कोई कारगर उपाय आज पर्यन्त नहीं है। बहरहाल शहर की अन्य क्षेत्रों और निचली बस्तियों सहित पास कॉलोनियों में भी जलजमाव होने से क्षेत्र के रहवासियों को पानी उतरने तक राहत नही मिलती। यही हाल पुराना नरेंद्र टाकीज के समीप शहर का पास क्षेत्र दादाबाड़ी सड़क पानी से लबालब होने से आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए जारी पूर्वानुमान के अनुसार 19 अगस्त को दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है।

# बस्तर के 907 एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बेनर तले बस्तर के 907 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी अपनी नियमितीकरण एवं 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने शहर की पुरानी मंडी परिसर में हड़ताल किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, जिससे अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि जहां एक ओर मरीज इलाज के लिए अस्पतालों में भटक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं के मानक तय करने वाले राष्ट्रीय पोर्टल का पूरा काम भी ठप हो गया है। ⏭ शेष पेज 12 पर

- नियमितीकरण व 10 सूत्रीय मांगों पर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

### मांगें पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन

संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने कहा कि हम 20 वर्षों से प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। कोरोना महामारी हो या आपातकालीन परिस्थिति, एनएचएम कर्मियों ने हमेशा अपनी जिम्मेदारी निभाई है। लेकिन आज जब हम अपने हक और भविष्य की सुरक्षा की बात करते हैं, तो सरकार मौन है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### आस्था विद्या मंदिर जावंगा में मना राष्ट्रीय मेगा टिंकरिंग दिवस

**गीदम।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय एवं अटल नवाचार मिशन एआईएम, नीति आयोग भारत सरकार के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग सहयोग से राष्ट्रीय मेगा टिंकरिंग दिवस गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया गया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा अतिथि के रूप में उपस्थित हो कर आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों से रूबरू हुए। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप गौतम, एपीसी व नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद पांडे, प्राचार्य बिजेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चों से नवाचार पर चर्चा किए। राष्ट्रीय मेगा टिंकरिंग दिवस को मनाते हुए समन्वयक अमुजूरी विश्वनाथ के मार्गदर्शन में युवा वैज्ञानिक छात्रों ने 3डी प्रिंटिंग, लेत मशीन व जिगसॉ मशीन से बुड वर्क आकृतियां, ऑटोमैटिक शू पॉलिश क्लीनिंग मशीन, इंटीग्रेटेड सॉइल टेस्टिंग फर्टिलाइजिंग वाटरिंग मशीन का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा के 500 बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया।

### राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत में विगत दिवस राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी मौसम में मलेरिया, डेंगू एवं जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम, शीघ्र पहचान एवं प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना था। ज्ञात हो कि इस संबंध में कलेक्टर द्वारा रायपुर एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों से विशेष तौर पर संपर्क कर उन्हें राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण सत्र में आमंत्रित किया था। इस प्रशिक्षण सत्र में जिले के सभी चिकित्सा अधिकारी एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक शामिल हुए थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों में से एक विशेषज्ञ शिशु रोग रायपुर एम्स प्रोफेसर डॉ. अतुल जिंदल सहायक प्रोफेसर मेडिसिन विभाग रायपुर एम्स डॉ. सबाह सिद्दीकी एवं राज्य सलाहकार डॉ. चिन्मय दास द्वारा प्रतिभागियों को रोगों के लक्षण, समय पर जांच, दवाओं का सही उपयोग, गंभीर मरीजों के त्वरित रेफरल की प्रक्रिया तथा जन जागरूकता की विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# कुत्ता काटने पर रोज 30 लोग एंटी रेबीज टीका लगाने पहुंच रहे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लावारिस कुत्तों की संख्या बढ़ने और झुंड में गांव, शहर के कालोनी, वार्डों में रहते है, जिससे लोगों दौड़ा कर काट रहे हैं, इस पर संबंधित विभाग को ध्यान नहीं होने से लोगों परेशानी हो रही है। बताया जा रहा है कि कुत्ता काटने के मामले चिंताजनक रफ्तार से बढ़ रहे हैं। संभागीय मुख्यालय स्थित शासकीय जिला महारानी अस्पताल, डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार बस्तर जिले में एक साल में 1992 डाग बाइट के मरीजों की संख्या मिली। इसमें किसी की भी मौत नहीं हुई, उपचार के बाद मरीज स्वस्थ्य हुए। महारानी अस्पताल में रोज लगभग 30 और मेकाज में भी 40 मरीज रेबिज का इंजेक्शन लगाने पहुंच रहे हैं, जिसमें बच्चे, महिला और बुजुर्ग भी शामिल हैं। डाक्टरों का कहना है कि समय पर एंटी-रेबीज टीका लगवाना बेहद जरूरी है, अन्यथा रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। बस्तर जिले के लगभग 282 स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं, जिसमें से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 8, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 40 एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र 234 स्थापित किए गए हैं। इस जिले के उप स्वास्थ्य केन्द्र से सीएचसी एवं जिला अस्पताल लगभग 30 से 45 किमी दूर होने से कुत्ता काटने के मरीज पहुंचने में परेशानी होती है। बताया जा ⏭ शेष पेज 12 पर

- जिले में एक साल में मिले 1992 डाग बाइट के मरीज



### बचाव ही सबसे बड़ा उपाय

अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों का कहना है कि डाग बाइट के मामले में घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से धोना चाहिए और जल्द से जल्द अस्पताल जाकर टीका लगवाना चाहिए। देरी से इलाज करवाने पर संक्रमण फैल सकता है और रेबीज का खतरा बढ़ जाता है, जो लगभग हमेशा घातक साबित होता है।

### एंटी-रेबीज टीका उपलब्ध

बस्तर जिले के सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि जिले के सीएचसी, जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में एंटी-रेबीज का टीका उपलब्ध है, जिससे ऐसे मरीजों को परेशानी नहीं हो रही है।

# रजत जयंती में बालिका सुरक्षा माह में जागरुक करने देंगे जानकारी

**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत जयंती माह अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी कांता मसराम द्वारा बताया गया कि कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में रजत जयंती वर्ष अंतर्गत विभाग में संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाना है। इस हेतु आंगनबाड़ी स्तर पर खेल-खेल में पोषण, कुपोषण से निजात हेतु समुदाय आधारित कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन पंजीयन अभियान, वजन त्यौहार में समुदाय की भूमिका, जागृति शिविर आयोजन, बाल विवाह मुक्त छग अभियान, पाक्सो अधिनियम लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, पोषण भी पढ़ाई भी अभियान, महतारी वंदन योजनान्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, किशोरी सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों में किशोरी बालिकाओं की सुरक्षा, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण, जेन्डर एवं लैंगिक समानता, गैर संस्थागत देख-रेख अंतर्गत स्पॉन्सरशीप, फॉस्टर केयर, दत्तक ग्रहण विनियम का प्रचार-प्रसार किया जाना है।


लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

- बी एससी नर्सिंग*
- डी फार्मेसी*

प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा | सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं | छात्रावास एवं परिवहन सुविधा | अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं | 5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय | हरा और हाईटेक परिसर | योग्य एवं अनुभवी संकाय | 108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर

लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग

सिटी परिसर

लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर

91318 80895, 97706 60186, 70241 25200


## 1 करोड़ 56 लाख 80 हजार मोबाइल टावरों से करना है वसूल : राणा

# मोबाइल टावर किए जाएंगे सील, समयसीमा खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम द्वारा शहर में स्थापित मोबाइल टावर कंपनियों पर कड़ा रुख अपनाया जा रहा है। निर्धारित समयावधि में नवीनीकरण शुल्क जमा न करने पर अब मंगलवार को टावर सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन व राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के नेतृत्व एवं आयुक्त प्रवीण वर्मा एवं उप अभियंता दीपांशु देवांगन के दिशा निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने बताया कि नगर निगम को मोबाइल टावरों से कुल 1 करोड़ 56 लाख 80 हजार रुपये की बकाया राशि प्राप्त करनी है। इसमें से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक केवल 31 लाख 50 हजार रुपये की ही वसूली हो पाई है।कंपनियों पर बकाया राशि इस प्रकार है। इनमे इंडस टावर लिमिटेड के 15 टावर,43 लाख 95 हजार बकाया,एटीसी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि से 10 टावर,38 लाख बकाया,सम्मिट डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि 18 टावर,5 लाख 40 हजार बकाया,वायरलेस टीटी इन्फो लिमिटेड 9 टावर, 31 लाख 5 हजार बकाया,बीटीए सेलकॉन 4 टावर, 11 लाख 80 हजार बकाया,भारती इंफ्राटेल कंपनी लि 7 टावर, 26 लाख 60 हजार बकाया, बीएसएनएल 21 टावर, 5 लाख 50 हजार बकाया है।

### नवीनीकरण शुल्क का मामला



नगर निगम ने 5 अगस्त 2025 को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर नवीनीकरण शुल्क जमा करने का आदेश दिया था। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि शुल्क जमा न करने की स्थिति में टावर बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। इसको देखते हुए नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है मंगलवार को टावरों को सील किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया पीएचसी भवन का निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज कोंडागांव शहर में मुख्य पोस्ट ऑफिस के पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए बने भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन के सभी कमरों का बारीकी से मुआयना किया और आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सीजीएमएससी के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि नए भवन में किसी भी तरह की सीपेज रिसाव की समस्या न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को बचे हुए सभी कामों को 15 दिन के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

### स्वयंसेवी महिला नगर सैनिकों का भर्ती परिणाम जारी

**कोण्डागांव।** बस्तर संभाग के जिला कोण्डागांव में बालिका आश्रम एवं छात्रवासों में रह रहे बालिकाओं की सुरक्षा के लिए 100 स्वयंसेवी महिला नगर सैनिक पदों के भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर चयन सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया गया है। छात्रवास ड्यूटी के लिए महिला नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा परिणाम अभ्यर्थियों द्वारा वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

### मूलेर में समाधान शिविर लगाया जाएगा 20 को

**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा विगत 15 मई को विकासखंड कुआकोंडा ग्राम मूलेर में औचक भ्रमण, निरीक्षण किया गया था। साथ ही वे यहां आयोजित समाधान शिविर में भी सम्मिलित हुए थे। इस क्रम में उक्त शिविर में प्राप्त आवेदन, विषयों के निराकरण की जानकारी से ग्रामीणजन को अवगत कराये जाने हेतु 20 अगस्त को समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# जिला प्रशासन ने रोका बाल विवाह, दस्तावेज जांच में सामने आई नाबालिग वर-वधू की सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले के ग्राम पंचायत चिखलपुट्टी में एक बाल विवाह की गुप्त सूचना मिलने पर जिला प्रशासन की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इसे रोक दिया। मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस और चाइल्ड लाइन के संयुक्त दल ने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर यह कार्रवाई की।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम चिखलपुट्टी की एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का विवाह लंजोड़ा गाँव के 19 वर्षीय लड़के से होने वाला था। जाँच दल ने जब दोनों के दस्तावेज देखे, तो पाया कि बालक और बालिका दोनों की आयु भारतीय कानून के अनुसार विवाह के लिए निर्धारित आयु से कम थी। बालिका अपने दादा–दादी के साथ रहती है। टीम ने दोनों पक्षों के परिजनों और ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, इसके दुष्परिणामों और दण्ड के प्रावधानों के बारे में समझाया। दोनों पक्ष निर्धारित आयु पूरी होने पर ही विवाह करने के लिए सहमत हो गए। जांच दल ने सभी की उपस्थिति में एक पंचनामा तैयार किया और वर–वधू व उनके परिवारों को समझाकर बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोक दिया।

## मिशन वात्सल्य, पुलिस और चाइल्ड लाइन की संयुक्त कार्रवाई



### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी, परियोजना अधिकारी संजय पोटावी, संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत जयदीप नाथ, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी सौरभ तिवारी, सहायक उप निरीक्षक सुकेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक मिथलेश रजक व श्रीमती सोना मरकाम, सुपरवाइजर चाइल्ड लाइन अनिल कुमार नायक, रविकांत गौर एवं समाज एवं ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे।

## विधायक लता उसेंडी ने फहराया तिरंगा, परेड की ली सलामी

# कोण्डागांव में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

■ देशभक्ति गीतों और बस्तर संस्कृति से गूंजा विकास नगर स्टेडियम

जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह सोमवार को उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन विकास नगर स्टेडियम में हुआ, जहाँ बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के साथ परेड का निरीक्षण भी किया।

समारोह में उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह के नेतृत्व में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस, जिला पुलिस बल, नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट–गाइड सहित विभिन्न टुकड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जनता के नाम संदेश पढ़ा और जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा देशभक्ति और बस्तर की संस्कृति से जुड़े नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए, जिनमें से सेजेस विद्यालय तहसील पारा को प्रथम, जवाहर नवोदय विद्यालय को द्वितीय, और सेजेस विद्यालय फरसगांव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे मैदान में तालियों की गूंज सुनाई दी।



### परेड और सम्मान समारोह में दिखा अनुशासन और गर्व

परेड के सीनियर वर्ग में आईटीबीपी की 29वीं बटालियन को प्रथम, 41वीं बटालियन को द्वितीय तथा नगर सेना को तृतीय पुरस्कार दिया गया। वहीं जूनियर वर्ग में एनसीसी जूनियर बालक को प्रथम, एनसीसी जूनियर बालिका को द्वितीय और एनएसएस बालक को तृतीय स्थान मिला। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को विधायक लता उसेण्डी द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारी, प्रशासनिक अमला, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह के अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




### जोन्दरा पदर में शान से लहराया तिरंगा

प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देशभक्ति से भरपूर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ बलिदान करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बच्चों को देश की आजादी में उनके योगदान के बारे में बताया। इसके अलावा, उन्होंने देश की सुरक्षा में तैनात वीर जवानों के साहस और वीरता की कहानी, खासकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी, से बच्चों को परिचित कराया। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनवाड़ी केंद्र जोन्दरा पदर के कर्मचारी, बच्चे और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति से भरे आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए, जिनकी खूब सराहना हुई।



### कलेक्टर ने जिला कार्यालय में फहराया झंडा



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। इसके बाद, जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ पालन करके देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने सभी को अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन करने और देश के प्रति अपने कर्तव्य निभाने का संदेश दिया। इस दौरान, अधिकारियों और कर्मचारियों ने देशभक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किए और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित अन्य कर्मचारी और स्कूली विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

# हरवेल-गम्हरी मार्ग की मरम्मत शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

■ हरिभूमि की खबर का असर : हरकत में आया प्रशासन

कोण्डागांव जिले के बड़ेराजपुर में, ग्रामीणों की लगातार माँग और खबरों के प्रकाशन के बाद, आखिरकार प्रशासन ने ग्राम हरवेल से गम्हरी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। यह सड़क पिछले काफी समय से खराब थी, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी थी, लेकिन गड्ढों और खराब हालत के कारण खासकर बारिश में दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया था। खबर प्रकाशित होने के दो सप्ताह बाद, प्रशासन ने इस पर ध्यान दिया और मरम्मत कार्य शुरू करवाया। इस सड़क के खराब होने से हरवेल, तराईबेड़ा, तितरवंड, पिटीसपाल और पीढ़ापाल जैसे गाँव प्रभावित हो रहे थे। अब मरम्मत कार्य शुरू होने से न केवल इन गाँवों के लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि इससे पूरे क्षेत्र में विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

# कलेक्टर ने किया लक्ष्य कोचिंग सेंटर का निरीक्षण, युवाओं को दिए सफलता के टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

■ मेहनत और अनुशासन से ही मिलती है मंजिल : कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने सोमवार को जिला कार्यालय परिसर में स्थित लक्ष्य कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ आरक्षक भर्ती की दूसरे चरण की परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की। तैयारी कर रहे छात्रों को टिप्स दिए।

कलेक्टर ने छात्रों से संवाद करते हुए कई सवाल पूछे और उन्हें पुराने प्रश्नपत्रें का नियमित अभ्यास करने की सलाह दी। उन्होंने शिक्षकों से छात्रें की संख्या, सिलेबस और अध्ययन सामग्री की जानकारी ली और परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त नोट्स उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रीमती पन्ना ने विद्यार्थियों से कहा कि वे जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही इस निःशुल्क कोचिंग सुविधा का पूरा लाभ उठाएं और मेहनत से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि आपकी मेहनत ही आपको उस मुकाम तक पहुंचा सकती है, जहाँ आप जाना चाहते हैं। मैं भी कभी भीड़ में बैठकर पढ़ी हूँ और आज इस स्थान तक पहुंची हूँ। उसी तरह आप भी भीड़ से निकलकर अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान भी उपस्थित थीं।

# शब्बीर वड्डे का एमबीबीएस में चयन, कलेक्टर ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

■ माओवाद प्रभावित क्षेत्र के छात्र ने सीमित संसाधनों में पाई बड़ी सफलता

जिले के विकासखंड ओरछा के छोटे से ग्राम हिकोनार में जन्मा शब्बीर वड्डे, बचपन से ही कुछ अलग करने का जज़्बा रखता था। उसका सपना था डॉक्टर बनकर अपने क्षेत्र के गाँव और समाज की सेवा करना। आर्थिक तंगी, सीमित संसाधन और माओवाद प्रभावित क्षेत्र की तमाम कठिनाइयाँ भी उसकी उम्मीदों के आगे कभी दीवार नहीं बन सकीं। शब्बीर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय, देवगांव से पूरी की। पढ़ाई में उसकी रुचि और मेहनत देखकर विद्यालय की अधीक्षक श्रीमती रंजीता नाग ने उसे अपने पुत्र की तरह स्नेह और सहयोग दिया। वे न केवल उसकी पढ़ाई की ज़रूरतों को पूरा करती रहीं, बल्कि उसके लिए एक मजबूत मानसिक संबल भी बनीं। शब्बीर को जब जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'परियना कोचिंग' में अध्ययन का अवसर मिला, तब उसने इस मौके को जीवन की दिशा बदलने वाले मोड़ के रूप में लिया, 11वीं और 12वीं की पढ़ाई उसने पूरी निष्ठा से पूरी की और फिर नीट की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर दिखाया। उसकी सफलता अब अबुझमाड़ के अन्य बच्चों के लिए एक प्रेरणा बन गई है। शब्बीर वड्डे ने आज जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं से मुलाकात की, कलेक्टर ने उसे हार्दिक बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल सहित संस्था के कर्मचारी भी मौजूद थे।

# अपराध रोकने, नशामुक्ति पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमतरी



बढ़ते अपराधों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने नशामुक्ति अभियान छेड़ दिया है। गांव-गांव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। इसके साथ ही नशे के कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है।

जिले में बढ़ रहे अपराधों का जड़ नशाखोरी है। शराब, गांजा सहित कई प्रकार की दवाओं का नशा इतना खतरनाक होता है कि युवा नशे की झोंक में बड़े से बड़ा अपराध करने से भी नहीं चूकते हैं। पुलिस ने अपराधियों पर कार्रवाई के साथ अपराध को कम करने के लिए नशे के विरूद्ध भी कई प्रकार से अभियान शुरू कर दिया है। नशे के कारोबार करने वालों पर तो कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही नशामुक्ति के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी के तहत मगरलोड, कुरूद, सिहावा, बोराई, करेलीबड़ी पुलिस ने विभिन्न गांवों में नशामुक्ति पर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें थाना और चौकी प्रभारियों ने नशे के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर नहीं करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। शराब, गांजा, सिगरेटली दवाइयों से दूर रहना चाहिए। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशा से दूर रहने, नशामुक्त वातावरण तैयार करने की शपथ भी दिलाई गई।

### ओटीपी, बैंक डिटेल किसी को न बताएं

*कार्यक्रम में साइबर सिक्युरिटी पर भी फोकस किया गया। लोगों को बताया गया कि अज्ञात कॉल पर ओटीपी, बैंक डिटेल, एटीएम नंबर, आधार, पैन नंबर साझा न करें। किसी भी प्रकार से ठगी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या छत्तीसगढ़ पुलिस के टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर अपराध और नशे की रोकथाम के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।*

## इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे: कांग्रेस

# वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में रविवार को कांग्रेस ने वोट चोरी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मशाल रैली निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में मशाल लेकर शहर की सड़कों पर पैदल मार्च किया और जमकर नारेबाजी की।

गौरतलब है कि हाल ही में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्रीय चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा ने वोटर लिस्ट में धांधली कर चुनाव परिणाम प्रभावित किए। राहुल गांधी ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए देशभर में आंदोलन का आह्वान किया था। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र पर सीधा हमला है और जनता के विश्वास के साथ धोखा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक जारी रखेगी और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।



### जय स्तंभ चौक पर गूंजे नारे

इसी कड़ी में कोंडागांव में कांग्रेस भवन से रैली की शुरुआत हुई। वोट चोर गद्दी छोड़ो, मोदी वोट चोर है, लोकतंत्र की हत्या बंद करो जैसे नारों के बीच मशाल रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जय स्तंभ चौक पर पहुंची, जहां सभा आयोजित कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### वरिष्ठ नेताओं ने की अगुवाई

रैली में पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व विधायक संतराम नेताम, प्रदेश महामंत्री रवि घोष, जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। साथ ही कार्यक्रम में महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमा देवांगन, तबस्सुम बानो, गुणमती नायक, लेखनी प्रधान, अंजू जोशी, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया और आरती कोर्राम सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। युवा कांग्रेस और जिला संगठन के पदाधिकारी भी मशाल रैली में सक्रिय रूप से शामिल हुए।

## पेज 11 के शेष

### शहर में हुई झमाझम ....

से राहगीरी, दोपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्कूली बच्चों को इन मार्गों में बारिश और जलजमाव से भीगने पर बाध्य होना पड़ा। धरमपुरा और शहीद पार्क मार्ग की सड़कें तालाब में परिवर्तित हो गई। धरमपुरा मार्ग शहर का सबसे व्यस्तम मार्ग होने से बड़ी संख्या में चारपहिया वाहनों के आवागमन से बारिश के दौरान सड़क में पानी भरने से सबसे ज्यादा परेशानी आमजनों को भुगतना पड़ता है। यहां तक शहर के गायत्री नगर, दलपत सागर, रमैया वार्ड के घरों में बारिश का पानी घुसने से रहवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अनेक स्थानों में बारिश की संभावनाः मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी भुवनलाल के अनुसार वायुमंडल में पश्चिम मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तटों पर एक सुस्पाट निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 9.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है। भुवनलाल के अनुसार अगले 12 घंटों के दौरान इसके एक अवदाब में परिवर्तित होने और मंगलवार की दोपहर के आसपास दक्षिण ओडिशा-उत्तर आंध्र प्रदेश तटों को पार करने की संभावना है। मानसून द्रोणिका गुजरात से जलगांव, ब्रह्मपुरी, जगदलपुर होते हुए पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी तक समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है। साथ ही एक कतरनी क्षेत्र अक्षांश 19°न के साथ-साथ औसत समुद्र तल से 3.1 से 58 किमी ऊपर बना हुआ है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम दिशा में झुकता जा रहा है। मंगलवार के लिए पूर्वानुमानः अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### बस्तर के 907 ....

कर्मचारियों ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से लगातार सेवा देने के बावजूद एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं किया गया। समय-समय पर सरकार से वार्ता होने के बाद भी केवल आश्वासन मिले हैं। कर्मचारियों को न तो स्थायित्व मिला, न ही उचित वेतनमान। 10 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण, सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित अन्य बिंदु शामिल हैं। सरकार की उपेक्षा और टालमटोल की नीति से मजबूर होकर कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था और लाखों मरीजों के हित से जुड़ा हुआ है।

मांगों का समाधान करेंः बस्तर जिला इकाई संघ के प्रमुख जिला सलाहकार डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार से पुनः आग्रह किया कि तत्काल ठोस पहल करते हुए कर्मचारियों की मांगों का समाधान निकाला जाए। अन्यथा आंदोलन निरंतर चलता रहेगा।

### कुत्ता काटने पर....

रहा है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से उप स्वास्थ्य केन्द्र को फ्रिज नहीं देते, जिसके चलते उप स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी-रेबीज टीका नहीं रखा जाता है। इसलिए ऐसे मरीजों को महारानी अस्पताल एवं मेकाज जाना पड़ रहा है। महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त एंटी-रेबीज टीका उपलब्ध है।

# सायबर सेल और सीसीटीवी की मदद से चोरी की गुत्थी सुलझी

दो दिन में आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

कुआकोंडा थानाक्षेत्र के श्यामगिरी गांव में दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी सायबर सेल और सीसीटीवी फुटेज की मदद से 48 घण्टे में ही कुआकोंडा पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

दरअसल गत दिवस दोपहर 1 बजे के आस-पास प्रार्थिया लक्ष्मी ताती अपने घर पर कुंडी लगाकर खेत-बाड़ी का काम करने गयी थी। जब वह वापस 5 बजे घर लौटी तो घर का






दरवाजा खुला था और घर के अंदर पेटी खुली, सामान बिखरा नजर आया। पेटी के अंदर से सोने के झुमके और नगदी रकम गायब थी। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कुआकोंडा थाने में बीएनएस की धारा 305 (क) और 331 (3) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की गई।

संदेह और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर श्यामगिरी कोटवारपारा के एक संदेही युवक अशोक कुमार भास्कर से पुलिस ने पूछताछ की जिसने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकारते हुये चोरी का सामान झुमका, सोने का हार और पैसा भी पुलिस ने आरोपी से बरामद कर लिया। साथ ही कुआकोंडा पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड में दंतेवाड़ा कोर्ट और वहां से जेल भेज दिया।

इस कार्यवाही में टीआई मोहर साय लहरे, प्रआर किशोर पटेल, प्रआर पीलूराम मरकाम, आरक्षक खेमराम जैन, आरक्षक रामकुमार पोर्ते, आरक्षक सुदरू नेताम, आरक्षक मंगल एवं सायबर सेल दन्तेवाड़ा की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### जावंगा की छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**दंतेवाड़ा।** छग शासन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देशानुसार शासन की उपलब्धियों एवं विकास आधारित कार्यक्रमों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन प्रारंभ हो चुका है। इस क्रम में जिला दंतेवाड़ा के चारों विकासखण्ड के गीदम, दंतेवाड़ा कुआकोंडा, कटेकल्याण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण के तहत एकल नृत्य बालक एवं बालिका, सामूहिक नृत्य बालक एवं बालिका, एकल गीत बालक एवं बालिका, सामूहिक गीत बालक एवं बालिका, लोक नृत्य (बालक एवं बालिका, शैक्षणिक गतिविधियां के अन्तर्गत भाषण, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, तथा आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। इसके अलावा जिला मुख्यालय में 15 अगस्त स्वतंत्रता समारोह पर आस्था विद्या मंदिर जावंगा द्वारा रजत महोत्सव की शुरुआत के इस अवसर पर देश भक्ति के धुनों एवं राष्ट्रीय एकता से ओत प्रोत नृत्य गान पर छात्रों के प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

### मसीह समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बचेली।** मसीह समाज के द्वारा गिरजा घर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। अध्यक्ष रेव्ह डी सोना तथा बीपीएफ मनो चर्च बचेली के पासवान ने समस्त बैलाडीला और बचेली के नगरवासियों को ढेरों बधाई और हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करते हुए कहा कि आज हमें 79 वा स्वतंत्रता दिवस मनाने का सौभाग्य मिला है। हम सब मिलकर देश की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रर्थना करते हैं। साथ ही देश में हों रहे अनेक समस्याओं जैसे जवानों के लिए बेरोजगारी, महिलाओं के प्रति असुरक्षा और महंगाई को लेकर समस्त मसीह समाज ने परम पिता परमेश्वर से देश हित में बचेली, किरंदुल के समस्त समाज के आर्थिक विकास और शिक्षा, ज्ञान और लोगों में आपसी भाईचारा बने रहने के लिए प्रार्थना कर शहीदों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में डी सोना, केपी चाँद, अविनाश नन्द, संजय दयाल, विजय मसीह, अवनीत मौर्य, मनोनीता मिंज इत्यादी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते व लोकतंत्र की रक्षा की मांग की

# वोट चोर, गद्दी छोड़ का विरोध कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भव्य केंडल मार्च निकाला गया।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धोखाधड़ी एवं वोट चोरी के खिलाफ और जनादेश के अपमान के विरोध में किया गया। जहां कांग्रेस पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा हाथों में मोमबत्तियां, बैनर, झंडे और तख्तियां लेकर केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओं द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़, चौकीदार चोर है से वोट चोर सरकार के नारों के साथ भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को रौंदने का आरोप लगाते हुए मुख्य मार्गों से गुजरे। इसी बीच कांग्रेस भाजपा का आमना सामना हुआ।

- मार्च का प्रारंभ राजीव भवन दंतेवाड़ा से हुआ और जयस्तंभ चौक पर जाकर हुआ संपन्न




जिसे देख कांग्रेस कार्यकताओं ने जबरदस्त विरोध किया। मार्च का प्रारंभ राजीव भवन दंतेवाड़ा से हुआ और जयस्तंभ चौक पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमिटी अवधेश गौतम,पूर्व विधायक देवती महेन्द्र कर्मा, पीसीसी सयुक्त महासचिव छविंद्र कर्मा,, पीसीसी सयुक्त महासचिव शकील रिजर्व, सयुक्त महासचिव विमल सुराना जिला पंचायत सदस्य तूलिका कर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रवीण राणा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मंगल भवानी,वीरेंद्र गुप्ता, जिला महामंत्री भीमसेन सैन मंडावी, जिला महामंत्री विमल सलाम, जिला महामंत्री रविश सुराना सयुक्त महामंत्री जितेन्द्र कश्यप जिला मिडिया प्रभारी मनीष ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, ब्लॉक अध्यक्ष अनील कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल,ब्लॉक अध्यक्ष अनील गावड़े ब्लॉक अध्यक्ष नंदा, देव सिंह ताती पुड़िया ताती महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंद्र शर्मा पार्षद एन नागराज,पार्षद इंद्रा ठाकुर, पार्षद राधा नाग, युथ कांग्रेस अध्यक्ष गणेश दुर्गा, जिला उपाध्यक्ष उमेश कश्यप,जिला महा सचिव संदीप राठौड़, जिला महासचिव गौरव गुप्ता दिनेश गुप्ता,मंजूर, संगीत राम शैलेन्द्र कोमारे, मनचलू राम मौजूद रहे।

# धाकड़ समाज ने धूमधाम से मनाई धरणीधर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर जिला धाकड़ समाज की ओर से गुरुवार को ग्राम कुम्हली क्षेत्र लोहण्डीगुड़ा में भगवान धरणीधर जयंती भव्य शोभा यात्रा के साथ हर्ष पूर्वक मनाई गई।

भगवान धरणीधर की विधि विधान से सामूहिक पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा दुर्गा मंदिर से चौक चौराहा होते हुए डीजे की धुन के साथ तिरंगा लहराते हुए घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा जय धरणीधर जय धाकड़ समाज का नारा लगाते हुए पुनः दुर्गा मंदिर एकत्रित हुए जिसमें भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। समारोह में समाज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन्हें अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लोग प्रगति कर रहे हैं। ऐसे आयोजन इन व्यक्तियों को एक मंच पर ला रहे हैं। उपाध्यक्ष भद्रीनाथ ठाकुर ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए एकजुट होकर सतत कार्य करें समाज के युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है। समाज के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर अच्छे मुकाम हासिल करें। तब ही समाज की एकजुटता नजर आनी चाहिए। धाकड़ समाज महिलाएं भी अधिक संख्या में उपस्थित हुए समाज में महिलाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए बालिका शिक्षा पर जोर दिया।

समारोह में बिंता क्षेत्र के गोकुल सिंह ठाकुर,संरक्षक सोनाधार ठाकुर जिलाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर जिला के उपाध्यक्ष पूरन ठाकुर, तुलाराम ठाकुर, भद्रीनाथ ठाकुर, किशन ठाकुर, अयोध्या ठाकुर समेत समाज के वरिष्ठ कनिष्ठ सभी समाज सेवक उपस्थित रहे।

# अमृत सरोवर में ध्वजारोहण कर लगाए पौधे

**बीजापुर।** जिले के अमृत सरोवर स्थलों में कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। अमृत सरोवर गांव की धरोहर है इस भावना से ओतप्रोत ग्रामीणों ने सरोवर स्थल पर ध्वजारोहण कर पौधारोपण किया। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चैबे ने जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत बनाए गए अमृत सरोवर स्थलों में भी ध्वजारोहण के साथ ही विभिन्न गतिविधि आयोजित किए गए। हर घर स्वच्छता अभियान



के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ग्रामीणों में स्वच्छता के आदतों पर जागरूकता कार्यक्रम निरंतर चलाए गए। तिरंगा रैली, साफ सफाई के साथ स्वच्छता और जल संरक्षण का शपथ भी लिया गया।

# बचेली बस स्टैंड बना ट्रक स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बचेली गौरव पथ के किनारे खड़े ट्रकों को देखकर लगता ही नहीं हैं कि यह शहर का मुख्य सड़क हैं। देखने से यह किसी ट्रक पार्किंग स्टैंड जैसा दिखाई देता हैं। नगर के शुरुआत से लेकर अंतिम छोर तक ट्रकों का मजमा सड़क किनारे लगा रहता हैं, जिससे पैदल चलने वालों को तकलीफों का सामना करना पड़ता हैं। पैदल चलने वालों के लिए जगह ही नहीं बचता।

यहां तक की बचेली बस स्टैंड भी इससे अछूता नहीं बचा। बस स्टैंड के अंदर खड़े ट्रकों के कारण बसों को बस स्टैंड के बाहर से यात्रियों को



उठाना या चढ़ाना पड़ता हैं। रात होते ही बस स्टैंड असमाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता हैं।

पुलिस के द्वारा ट्रकों को हटवाया जाने पर फिर उसी खाली जगह पर दूसरा ट्रक खड़ा कर दिया जाता है। बचेली 2 बांगली कैंप से लेकर पुराना मार्केट तक कही भीं देखों सड़क किनारे ट्रको की लंबी कतार खड़ी रहती हैं। जिसके कारण यातायात प्रभावित होती हैं। सड़क की चौड़ाई सिकुड़ जाती हैं। इस रोड से बड़े अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि सबका गुजरना होता हैं, लेकिन सड़क पर खड़े मौत रूपी ट्रक उन्हें दिखाई नहीं देते।

# विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

युवा भारत बस्तर के तत्वावधान में महाविद्यालय लोहंडीगुड़ा में केंद्र परियोजित प्रमुख योजनाओं के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी देना तथा उनके लाभ एवं उपयोगिता से अवगत कराना था।

मुख्य योजनाओं की जानकारी कार्यशाला में विशेषज्ञों एवं संसाधन व्यक्तियों ने विद्यार्थियों को निम्न



योजनाओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया राजीव पानीग्राही ने डिजिटल इंडिया एनिसिटिव तकनीकी सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं की पहुँच हैं। हेमराव खापर्डे ने स्किल इंडिया मिशन युवाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ना। आयुष्मान भारत योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य बीमा सुविधा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बसंत कुमार कश्यप जनपद उपाध्यक्ष लोहंडीगुड़ा ने कहा कि भारत सरकार की ये योजनाएँ केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि युवाओं के लिए अवसर हैं। इन योजनाओं के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। और अपने संबोधन में गढ़िया युवा सरपंच भरत कश्यप ने कहा आज देश की प्रगति और युवाओं के सशक्तिकरण में इन योजनाओं की अहम भूमिका है। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया मूवमेंट, मेक इन इंडिया जैसी योजनाएँ केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी हैं। महाविद्यालय के सोहद्रा दिवान,मधु तारक,सपना राय छात्र-छात्राओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से कार्यशाला में भाग लिया। अंत आभार व्यक्त प्राचार्य के द्वारा किया गया कार्यशाला ने युवाओं को जानकारी, प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया।

### गणेश बघेल पुनः बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत भोंड गोठान में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को और मज़बूत बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की गई।



प्रभारी जतिन जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के समक्ष नए ब्लॉक अध्यक्ष के चयन का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर वर्तमान अध्यक्ष गणेश राम बघेल पर पुनः भरोसा जताया और उन्हें तीसरी बार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मिली बढ़त का श्रेय गणेश बघेल के नेतृत्व और संगठनात्मक सक्रियता को जाता है। कार्यकर्ताओं का मानना था कि उनके नेतृत्व में संगठन ने लगातार मजबूती प्राप्त की है, इसलिए पुनः उन्हें अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना उचित और आवश्यक है। गणेश राम बघेल लंबे समय से राजनीति और सामाजिक सेवा से जुड़े हुए हैं। उनका कार्यकाल हमेशा सक्रियता और जनसेवा से परिपूर्ण रहा है।

# बस्तर में संस्कृति और आस्था का संगम-अलैख महिमा आश्रम भवन लोकार्पितः बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

नुवाखाई पर्व के अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने ग्राम पंचायत मूली में निर्मित अलैख महिमा आश्रम भवन का लोकार्पण किया। आश्रम पहुंचने पर अलैख महिमा के साधु-संत, माताएं, बहनें एवं ग्रामवासियों ने विधायक का स्वागत किया।

यह आश्रम बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया गया है, जो आने वाले समय में समाज और धार्मिक कार्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा लोकार्पण अवसर पर ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान विधायक ने मूली स्थित आश्रम के सभी बाबा एवं माता-बहनों को नुवाखाई



तिहारीन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ग्राम पंचायत मूली मेन चौक में विधायक ने अलैख मंदिर निर्माण के लिए भूमि-पूजन किया, जिसकी लागत राशि भी 5 लाख रुपये निर्धारित की गई है। वहीं स्थानीय नवयुवकों की मांग पर क्रिकेट मैदान समतलीकरण हेतु भूमिपूजन भी किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत बागमोहल्लई के आमंत्रण पर बघेल ने डोंगरीपारा में आयोजित नुवाखाई तिहारीन पर्व में शामिल होकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की। भारी वर्षा के बावजूद विधायक लगभग 2 किलोमीटर पैदल चलकर आश्रम पहुँचे और लोगों के बीच उत्सव की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अलैख महिमा आश्रम क्षेत्रीय संस्कृति, अध्यात्म और सामाजिक एकता का प्रतीक है नुवाखाई जैसे पर्व हमारी परंपरा और संस्कृति को जीवंत रखते हैं बस्तर की यह धरोहर हमेशा हमें एकजुट होकर विकास और उन्नति की राह दिखाती रहेगी।

इस दौरान मौजूद रहे बालेश दुबे, मानसिंह कवासी ,जितेन्द्र सिंह बघेल संरपच, राम्या राम, लक्ष्मीनारायण पटेल, धरमानंद दास बाबा, मोहन कश्यप, चितानंद कश्यप, सोनाधर, बघेल, धरमचंद, बलराम सेठिया, मोहन कश्यप, सोनाधर सेठिया, बी खंग, हरिचद्र पुजारी मानसिंह सेठिया, लखेश्वर सेठिया, कनदई राम, अरुण सेठिया, प्रभुनाथ सेठिया, मंगलसाय एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# जन्माष्टमी पर कलश यात्रा निकली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम/ मददेड

मददेड में कृष्णा जन्माष्टमी पर रविवार को विसर्जन रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत मददेड के उप सरपंच श्याम चित्तापुरी ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा जन्मष्टमी के अवसर पर सीता राम शिवालय द्वारा दही हांडी मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। इस उत्सव में ढोल-नगाड़ों की गूंज और गोविंदा आला रे के नारों से पूरा माहौल भक्तिमय और उत्सव हुआ। सीताराम शिवालय के युवाओं ने गोविंदा मंडल बनाकर मानव पिरामिड तैयार किया और ऊंचाई पर लटकाई गई मटकी को फोड़ने की कोशिश की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भजन-कीर्तन, नृत्य और आयोजन किया गया। बच्चों और बुजुर्गों ने भी इस पर्व का भरपूर आनंद लिया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावना को बढ़ावा दिया, बल्कि सामूहिकता और टीमवर्क का भी संदेश दिया। प

रे गांव ने मिलकर इस पर्व को सफल बनाया और इसे यादगार बना दिया। पूरे गांव ने मिलकर इस पर्व को सफल बनाया और इसे यादगार बना दिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के उप सरपंच श्याम चित्तापुरी, पूर्व उप सरपंच पुरुषोत्तम चित्तापुरी, ग्राम पटेल पी सुशील कुमार, प्रमोद कासोजी, मनोज कासोजी, जैन सुनील, पी जुगल किशोर, पी सचिन, प्रवीण चित्तापुरी, मुक्ति नाथ सिंह ठाकुर, जगदीश शर्मा, नमन मरकाम, लक्ष्मी नारायण सोनी, पुष्पा सोनी, कुसमा सोनी, प्रभा सोनी, सीताराम शिवालय के समस्त भक्तगण व ग्राम के ग्रामीण संख्या में उपस्थित थे।

# आत्मसमर्पित नक्सलियों ने मनाया आजादी का जश्न, पेश किए गीत और नृत्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिला पंचायत संसाधन केंद्र में एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य माओवाद की विचारधारा को समाप्त कर आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में आत्मसमर्पित नक्सलियों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। स्थानीय भाषा में गाए गीतों ने माहौल को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी देशभक्ति गीत गाकर कार्यक्रम में सहभागिता की और उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चैबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल तथा डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 7 छात्रों ने मेडिकल और डेंटल कॉलेज में पाया प्रवेश

**दंतेवाड़ा।** शिक्षा के क्षेत्र में दंतेवाड़ा जिले ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का लोहा मनवाया है। छू लो आसमान पहल के तहत जिले के 7 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सीजीडीएमई 2025 की प्रथम चरण काउंसलिंग में शानदार सफलता हासिल करते हुए प्रतिष्ठित मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल इन छात्रों के परिवारों के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन चयनित छात्रों में समीर ने भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में एमबीबीएस में प्रवेश पाया है। इंद्र कुमार फग्नु और संतोष पोडियम दोनों का चयन स्व. बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर में एमबीबीएस के लिए हुआ है। इसी कॉलेज में रत्ना रामू ने भी अपनी जगह बनाई है। इसके अलावा समेली निवासी आरती कोडोपी ने शासकीय मेडिकल कॉलेज, महासमुंद में एमबीबीएस में प्रवेश पाया है। वहीं पोटाली की दीपा मरकाम और पालनार की जाह्नवी मुड़ामी का चयन शासकीय डेंटल कॉलेज, रायपुर में बीडीएस के लिए हुआ है।

आवश्यकता है
धमतरी, बालोद, कांकेर, कोन्डागाँव
में ACE Harvester/ट्रेक्टर विक्रय हेतु अनुभवी एवं ITI प्रशिक्षित नवयुवकों की आवश्यकता है - पद - 05
ट्रेक्टर हार्वेस्टर हेतु अनुभवी/आई.टी.आई. प्रशिक्षित मैकेनिकों की आवश्यकता है - पद - 2
संपर्क करें :- धमतरी में साई ट्रेक्टर्स सिहावा रोड, धमतरी
मोबाईल नं. : 7000292192, 94252-09243
कोन्डागाँव में : जामकोट पारा मेन रोड, कोन्डागाँव
स्वयं की मोटर सायकल अनिवार्य

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./520/ब-121/2024-25

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुधराम पिता स्व. सोनु जाति भतरा ग्राम पाहुरबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. सोनु बघेल निवासी ग्राम पाहुरबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर (छ.ग.) मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. सोनु बघेल पिता बुधु ग्राम पाहुरबेल का दिनांक 06/10/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक बुधराम पिता स्व. सोनु जाति भतरा ग्राम पाहुरबेल तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. सोनु मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 21/08/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 07/08/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड के शालाओं में पार्षद ने किया ध्वजारोहण



**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड के अघनपुर प्राथमिक शाला एवं बस्तर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर धूमधाम से ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अघनपुर माध्यमिक शाला स्कूल प्रधान अध्यापक चिंता राम मेश्राम, इंदिरा कछवाहा, चंद्रकला मौर्य, नेहा साकेत, मोनिका श्रीवास्तव, पुष्पा टंडन, मंजू लता समरथ,डायरेक्टर बस्तर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल रीता माने, प्राचार्य सौम्या पांडेय, दिव्यराज सिंह राणा व शिक्षकगण उपस्थित थे।

### शिव भैरव समिति ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जगदलपुर।** शिव भैरव सेवा समिति द्वारा महादेव घाट चौक में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कल समाज अध्यक्ष राजेश दास ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा प्रातः सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संध्या में तरंग म्यूजिक ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। तरंग म्युजिकल ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीतों का रंगारग कार्यक्रम किया। शिव भैरव समिति ने समाजसेवा में उल्लेखनीय कार्य के लिए वार्ड के छः लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन,पार्षद निर्मल पाणिग्राही पार्षद त्रिवेणी रंधारी, उत्कल समाज उपाध्यक्ष मथुरा तिवारी, बामदेव मिश्रा, लव महापात्र, असीम दास, राजेश, नरसिंग तिवारी समेत वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### राधा बनी सात माह की अनन्या



**जगदलपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी निवासी ने अपने सात माह की अनन्या को राधा के रूप सजाया गया, जिसे मंदिर ले गए जहां आकार्षण का केन्द्र रही।

# जागरूकता अभियान में मादक पदार्थों के खतरों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री भारत सरकार के निर्देशानुसार मादक पदार्थो के खतरों एवं इस पर नियंत्रण के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को नशा मुक्ति तथा मादक पदार्थों के खतरों से अवगत कराते हुए इसके दुष्परिणाम बताए गए।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एएसपी महेश्वर नाग के नेतृत्व में टास्क फोर्स समन्वय समिति के तथा अन्य सामाजिक संगठनों रोटरी क्लब के माध्यम से 14 अगस्त से 16 अगस्त तक नशामुक्ति संबंधी व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

## साइकिल रेस, रन फॉर ड्रग फ्री इंडिया संबंधी जागरूकता बैनर व पोस्टर किया गया प्रदर्शित





### चलाया जागरूकता अभियान

जिले के समस्त स्कूलों व कॉलेजों, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन में भी नशामुक्ति संबंधी बैनर पोस्टर चस्पा किया गया। इसके साथ ही सरकारी अस्पतालों व नशामुक्ति केन्द्र महारानी अस्पताल जगदलपुर व डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भी सीएमएचओ एवं अस्पताल अधीक्षक की उपस्थिति में बैनर पोस्टर एवं जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया। अभियान के तहत शहर के मुख्य चौक चौराहों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नशामुक्ति के संबंध में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के संयुक्त संदेश को भी प्रदर्शित किया गया।

अभियान के तहत सायकल रेस, मैराथन दौड़ (रन फॉर ड्रग फ्री इंडिया) संबंधी जागरूकता बैनर व पोस्टर को प्रदर्शित करते हुए संपन्न कराया गया साथ ही नशामुक्ति के संबंध में स्लोगन प्रतियोगिता रोटरी क्लब के माध्यम से कराया गया। स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अभियान में सीएमएचओ डॉ संजय बसाक, अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय प्रसाद एवं डीपीएम सुश्री रीना तथा रोटरी क्लब के अध्यक्ष राहुल जैन तथा कुलजीत सिंह एवं शिक्षा विभाग के कमलेश रामटेके तथा प्रभारी डीसीआरबी नारकोटिक्स सेल जिला बस्तर श्रीनिवास वर्मा एवं सहायक नरसिंह दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एनआईटी रायपुर और शहीद महेन्द्र कर्मा विवि के बीच हुआ एमओयू

# टेक्नोलॉजी के उपयोग में बस्तर के उद्यमियों को मिलेगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास हेतु प्रदेश के दो शैक्षणिक संस्थानों ने मिलकर कार्य करने की ओर कदम बढ़ाया है। बस्तर क्षेत्र में नवाचार, सह-अभिकेंद्रण तथा उद्यमिता उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर और शहीद महेंद्र विश्वविद्यालय, बस्तर ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके माध्यम से बस्तर के उद्यमियों और नवाचार कर्ताओं को टेक्नोलॉजी उपयोग करने में सहायता मिलेगी। टेक्नोलॉजी का अधिक से अधिक उपयोग कर व्यवसाय को बढ़ा सकेंगे।

सोमवार को एनआईटी, रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर नवाचार एवं उद्यमिता प्रतिष्ठान और शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय-अभिकेंद्रण एवं स्टार्टअप प्रतिष्ठान ने एक रणनीतिक समझौते पर आगे बढ़ने की पहल की। इस महत्वपूर्ण समझौते पर एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो एनवी रमना राव तथा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। यह दोनों प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के मध्य सहयोगात्मक नवाचार के एक नए युग का प्रतीक है। हस्ताक्षर समारोह में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर नवाचार एवं उद्यमिता प्रतिष्ठान के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें सहायक प्राध्यापक एवं संकाय प्रभारी डॉ अनुज कुमार शुक्ला, तथा सहायक कुलसचिव एवं अधिकारी प्रभारी पवन कटारिया सम्मिलित थे। यह पहल परिवर्तनकारी साझेदारी के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

साथ ही छत्तीसगढ़ की उस यात्रा का मील का पत्थर है, जिसके अंतर्गत राज्य तकनीक-संचालित स्टार्टअप एवं नवाचार का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर है। यह समझौता सहयोग का एक व्यापक ढांचा तैयार करता है, जिससे राज्यभर के उद्यमियों, विद्यार्थियों एवं स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर निदेशक प्रो. एन. वी. रमना राव ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर और शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीच यह सहयोग स्टार्टअप को समर्थन देने तथा छत्तीसगढ़ में तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को प्रकट करता है।

### उन्नत संसाधन और समर्पित सहयोग मिल सकेगा

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि यह समझौता हमारे उस दृष्टिकोण से पूर्णतः मेल खाता है, जिसके तहत हम एक ऐसा सहयोगात्मक कार्यक्षेत्र बनाना चाहते हैं जो बस्तर क्षेत्र के समृद्ध संसाधनों का सदुपयोग करते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करे। प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि इस साझेदारी से विश्वविद्यालय में उन्नत संसाधन और समर्पित सहयोग मिल सकेगा। व्यवसाय में प्रगति के टेक्नोलॉजी का सही और आवश्यक उपयोग जरूरी है। टेक्नोलॉजी के सहारे क्षेत्रीय उद्यमी बस्तर की विकास संभावनाओं को सफल उद्यमों में बदल सकेंगे। सहायक प्राध्यापक डॉ.अनुज कुमार शुक्ला ने कहा कि यह साझेदारी ऐसे तालमेल स्थापित करेगी,जिससे दोनों संस्थानों के स्टार्टअप को मार्गदर्शन नेटवर्क,साझा अवसंरचना तथा सहयोगात्मक अनुसंधान अवसर उपलब्ध होंगे। यह नवाचारी उद्यमों के विस्तार के लिए आवश्यक हैं।

## एनएमडीसी ने किसानों को उपलब्ध करवाए फलदार पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पिछले कुछ वर्षों से एनएमडीसी, बचेली अपने सीएसआर विभाग द्वारा स्थानीय किसानों की आय वृद्धि हेतु अनेक योजनाएं चलाती आ रही है। इस वर्ष की योजना में अभी तक एनएमडीसी, बचेली द्वारा 9 गावों के 126 किसानों को फलदायक पौधे उपलब्ध करवाए गए हैं, जिसमें नारियल, आम, लीची इत्यादि पौधे शामिल हैं। इस योजना के तहत इस वर्ष 5000 से अधिक फलदार पौधे उपलब्ध करवाए गए हैं, इस योजना से नेरली, बड़े कमेली, बेनपाल, गंजेनार, दुगेली, पाड़ापुर, धुरली, बड़े बचेली तथा मोलसनार ग्रामों के किसान लाभान्वित हुए हैं।इस योजना के अंतर्गत 18 अगस्त को बचेली परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक के द्वारा प्रभावित परियोजना के आस पास के ग्रामीण कृषकों को फलदार पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर महाप्रबंधक ( मानव संसाधन ) महेश एस नायर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सीएसआर जोसी थामस व विभिन्न ग्रामीण कृषकों की उपस्थिति रही।

## हाई स्कूल उलनार में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**जगदलपुर।** विकासखंड बकावण्ड के शासकीय हाई स्कूल उलनार में 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर्व शाला प्रागंण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश के स्वतंत्रता सेनानी एवं महापुरूपों के बलिदान को याद करते हुए स्कूली छात्रों को भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहेब आम्बेडकर, रानी लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू, शहीद गुण्डाधुर, सावित्रीबाई फुले बनाकर शाला में संचालित स्काउट छात्रों के साथ ग्राम उलनार में भव्य रैली निकाली गई। ध्वजारोहण ग्राम उलनार के सरपंच मधुसुदन नेताम के हाथो सम्पन्न हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत, कविता, भाषण, नृत्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डी.एन. पाण्डे ने छात्रों को महापुरूषो के वेश भूषा में देखकर छात्रों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों बीच देश के महापुरूषों के बारे में बताते हुए देश के लिए दिये उनके बलिदान एवं कुर्बानी का संदेश दिया। भव्य रैली एवं रंगारंग कार्यक्रम के लिए संस्था के प्राचार्य डॉ. श्रध्दा कोरे पवार, शिक्षक रंजीत पानीग्राही, श्रीमती अमिता जोशी, खुलेश्वर साहू एवं कर्मचारीगण, कुंवर देहारी, कमलकांत पाढ़ी, नंदकिशोर कश्यप, लोकेश सेठिया, तिरथनाथ पानीग्राही, का सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है।

## ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पशुपालन विभाग की पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आज से बस्तर जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं द्वारा 30 दिवसीय पशु मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन महाविद्यालय सभाकक्ष में महापौर संजय पांडे ने किया। मुख्य अतिथि पांडे ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को न केवल रोजगार से जोड़ेंगे बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होंगे। यह प्रशिक्षण 18 अगस्त से 16 सितम्बर 2025 तक चलेगा। इसमें बस्तर जिले के सात विकासखण्डों से चयनित 30 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण विभिन्न पशु चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र एवं किट प्रदान की जाएगी। ग्रामीण युवाओं के लिए सुनहरा अवसर यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से दुग्ध उत्पादन, बकरी पालन, मुर्गी पालन,भैंस व सूअर पालन जैसी गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जाएगा। उद्देश्य यह है कि ग्रामीण शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध हो और वे अपने क्षेत्र में पशुपालन को आजीविका का मजबूत साधन बना सकें।

## 80 बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



80वीं वाहिनी कैम्प परिसर में कमांडेंड जितेन्द्र कुमार एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व कार्मिकों के साथ क्वार्टर गार्ड परिसर में हर्षोउल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस मौके पर ने न्यू बस स्टैण्ड परिसर में आम जनता के बीच ध्वाजारोहण कर भारत की आजादी के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आम जनता एवं जवानों को हार्दिक बधाई दी। स्वतंत्रता दिवस के इस शुभ अवसर पर यह संकल्प लिया कि हम देश की एकता-अखण्डता और राष्ट्रीय व संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन करने के लिए सदैव तैयार रहेगे, हम अपने एवं अपने परिवार के साथ देश को नशामुक्त बनायेगें साथ ही देश के एकता एवं अखण्डता को कमजोर करने वाली हर ताकत का मुँहतोड जवाब देंगे जिससे संवैधानिक अस्तित्व को अक्षुण्ण बनाया जा सके।

# राग द म्यूजिकल ग्रुप ने गीत, संगीत से मनाई तीसरी वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राग द म्यूजिकल ग्रुप ने अपनी तीसरी वर्षगांठ 15 अगस्त को टाउन हॉल सभागार में मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के फोटो पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर की गई । समीर जैन ने देश भक्ति गीत मैं रहूं या ना रहूं भारत रहना चाहिए से किया जिसके बाद सभी कलाकारों ने देशभक्ति गीत और हिंदी गीतों की लाइव आर्केस्ट्रा के साथ अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सुरेश जैन, बीजू विश्वास, मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत दास,समीर जैन,जगदीश कुंतल, प्रथा दुबे, शेरोन सिंह, प्रियंका वैद्य, निशांत मसी, यश तीमोथी,प्रवीण पाल,तमा गाईन,चंद्रभान नागवांसी एवं बैनी तीमोती ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शहर के समाजसेवी आरफा वेलफेयर फाउंडेशन की संचालिका महफूजा हुसैन को स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया। रायपुर से पधारे ओबेरॉय आर्केस्ट्रा ग्रुप एवं टीम के द्वारा बेहतरीन वाद्य यंत्रों को बजाकर लोगों को अपना दीवाना बना दिया मंच संचालन ग्रुप की उद्घोषिका वंदना झा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक किरण देव , महापौर संजय पांडे एवं पूर्व महापौर सफीरा साहू और ग्रुप के संरक्षक बृजेश सिंह भदोरिया, सुरेश जैन,अध्यक्ष बीजू बिस्वास,उपाध्यक्ष ज्योति गर्ग, वंदना झा,सचिव प्रशांत दास उपस्थित थे।




# बस्तर की बेटी कवियत्री अंजली का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- हल्बी में प्रस्तुत रचना पर मिली सराहना



नागरी लिपि परिषद दिल्ली संस्था भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना मध्यप्रदेश द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर ने शिक्षा के महत्व को जाना और पहल कर महिलाओं के शिक्षा को अति आवश्यक समझकर उनके शिक्षा पर जोर दिया। उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के सम्मान में गत दिनों भोपाल स्थित श्यामलाहिल्स के गांधी भवन में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। जहां भारतवर्ष के प्रसिद्ध कवि साहित्यकार और महाविद्यालय के प्राचार्य,व्याख्याता और विषय विशेषज्ञ कार्यक्रम में सम्मलित हुए। समारोह में ज्ञान की बातें में विषय विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिया गया। विषय विदेशों में हिंदी का बढ़ता स्तर,एंव बहू भाषी राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी एंव कवि सम्मेलन देश भक्ति गीत,एवं हिन्दी को मातृभाषा के रूप में भारत के सभी राज्यों मे अनिवार्य करने पर फोकस था। व्याख्यान मेला हिन्दी कार्यक्रम एवं बहूभाषी कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रांत के बस्तर जगदलपुर की अंजली मिश्रा सम्मेलन में सम्मलित हुई। उनके द्वारा बहूभाषी कार्यक्रम में अपनी लिखी कविता एवं बस्तर की पहचान अपनी लिखी हल्बी गीत प्रस्तुत की जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

### मार्गदर्शन से मिलता आगे बढ़ने का अवसर

अंजली ने हरिभूमि से चर्चा में कहा मुझे वरिष्ठ और हिन्दी विशेषज्ञों से मिलकर आगे बढ़ना उचित लगता है,ताकि उनसे सिखकर उनके मार्गदर्शन में और अच्छा लिखने की कोशिश करना है और आगे बढ़ना है। जगदलपुर बहुत छोटा शहर है। यहां अपनी रचनाओं और साहित्य के क्षेत्र मेंआगे बढ़ने का अवसर नहीं दिया जाता ना ही सहयोग किया जाता है। बड़े शहरों में जाने से देश के जाने-माने साहित्यकार, रचनाकार, जज, डाक्टर, कुलपति, प्राचार्य का सानिध्य मिलता है। किंतु ऐसे महान लोग कभी हींन भावना से नहीं देखते। सभी कलाकारों को एक ही नज़र से देखकर सम्मान करते हैं और ये वरिष्ठों द्वारा मान सम्मान ही हमारा आत्म सम्मान और जीने का सहारा है।

